साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा अवैध शराब का जखिरा

रायगढ़ , (आरएनएस)। रायगढ़ व सरिया पुलिस ने कल छापा मारकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की चौकी जुटमिल में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक अरूणा चौरसिया को कल रात मुखबिर से सोनूमूडा के शनि राम लहरे के यहां अवैध रूप से देशी शराब होने की जानकारी मिली थी जिस पर अरूणा चौरसिया ने स्टाफ एवं गवाहों के साथ दबिश डाली तो , रेड में पुलिस को 14 पाव देशी प्लेन एवं 16 पाव देशी मसाला कुल 30 पाव शराब मिली जिसे जप्त कर आरोपी शनि लहरे के विरूद्ध चौकी जूटमिल में आबकारी एक्ट के तहत धारा 34(1)(क), 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार सरिया में आज सुबह मुखबिर सूचना पर साल्हेओना के कन्हैया चौहान घर में जरकीन मे रखी कच्ची 12लिटर शराब जप्त की गयी थाना सरिया में 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयीहै।

## शादी में जाने घर से निकला बालक लापता

रायगढ़ , (आरएनएस)। तमनार बरभांठा चौंक के पास रहने वाला 11 साल का बालक 10मार्च की रात 8 बजे गायब हैं वह अपनी मां को शादी पार्टी से आ रहा हूं कहकर घर से निकला था और वापस नहीं आया । बालक के मातापिता ने मोहल्ले में आसपास एवं रिस्तेदारों में पता किया लेकिन बालक का कही पता नही चला । जिसके बाद बालक के पिता ने थाना तमनार में उसके गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करायी,जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

## श्रीराम निवासी की भूमि समतलीकरण की मांग हुई पूरी

रायगढ़ -लोक सुराज अभियान के तहत ग्राम पंचायत कोतरी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम सुलोनी के दिव्यांग हितग्राही श्रीराम निवास के लिए राहत भरा रहा। उन्होंने लोक सुराज अभियान में भूमि समतलीकरण की मांग की थी। समाधान शिविर में स्वीकृति मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की एवं प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह शिविर में ही अन्य हितग्राहियों महादेव बरेठ भागीरथी अजय सुरेश अनंत मनोज बरेठ अनिल बरेठ संजय कुमार शाहनीराम रथलाल मुसीर की भी भूमि समतलीकरण की स्वीकृति प्राप्त हुई। जिस पर हितग्राहियों ने खुशी जाहिर की।

## लोक सुराज अभियान शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामवासी

रायगढ़ -लोक सुराज अभियान के तहत आज बरमकेला विकासखण्ड के ग्राम.अमेरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मांग के 2498 एवं शिकायत के 24 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 2522 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 2277 आवेदनों का निराकरण किया गया। समाधान शिविर में सारंगढ़ विधायक श्रीमती केराबाई मनहर ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और उनके निराकृत आवेदनों की जानकारी देने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने स्मार्ट कार्ड के बारे में अवगत कराया कि 50 हजार रुपए तक इलाज कराने की सुविधा शासन द्वारा उपलब्ध करायी गई है। साथ ही अन्य योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी और जनसामान्य को योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। बरमकेला जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती सविता गढ़तिया ने कहा कि ग्रामीण जनों की सुविधा के लिए हर 10 ग्राम पंचायतों के बीच में एक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सके। स्वच्छता समिति के सदस्य श्री मोहन नायक ने शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया और ग्रामीणजनों को शिविर का लाभ उठाने का आव्हान किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा लोगों को बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 60 लोगों का स्मार्ट कार्ड बनाया गया है जिनमें मौके पर दो हितग्राही को स्मार्ट कार्ड दिया गया। इनमें सीताराम चौहान लम्बोदर प्रसाद पटेल शामिल है। साथ ही 47 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा 7 लोगों को गैस कनेक्शन दिया गया है। इनमें देवगांव की कुंतला यादव रामकुंवर बुद्धियारीन सिदार ललिता सिदार शकुंतला सिदार अमेरी की ताराबाई सहस सुजाता चौहान शामिल है।

## पुलिस व वन विभाग ने ढ़ाई टन कोयले से भरी पिकअप पकड़ी

रायगढ़ (आरएनएस)। पुलिस व वन विभाग की टीम ने कोयले से भरी पिकप पकडीं हैं धरमजयगढ के सहायक उप निरीक्षक डोमनिक लकड़ा को 17 मार्च को मुखबिर से सूचना मिला थी कि बिना नम्बर पिकप में जंगल से अवैध कोयला उत्खनन कर चोरी से ले जाया जा रहा है जिस पर वन विभाग के साथ संयुक्त टीम बनाकर पत्थलगांव रोड में घेरा बंदी की गयी रात करीब 10बजे तेजपुर की ओर से बिना नम्बर की एक पिकअप कोयले से भरी आते दिखी जिसे पुलिस ने ग्राम नोनईजोर तक पीछा कर पकडा़ लेकिन ड्रायवर एवं एक और व्यक्ति जंगल में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, एक व्यक्ति को भागते हुये पुलिस ने पकडा जिसने अपना नाम गोपीचंद राठिया बताया तथा ड्रायवर का नाम प्रमोद राठिया चरखापारा तथा एक अन्य व्यक्ति को महादेव राठिया ससकोबा बताया । साथ ही कोयला तेजपुर जंगल से उत्खन्न कर ईटा भठ्ठा के लिए चोरी कर ले जाना बताया । मौके पर पिकप टाटा कंपनी चेचिस नंबर ल्रूज्ञ 524001 छ्वक्र्य 08878 मय कोयला ढाई टन जप्त कर गोपीचंद राठिया बाकारूमा को हिरसत में लिया गया ।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक

क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक

क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

V.t.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

CAREER SCHOOL

ADMISSION OPEN


स्थापना दिनॉक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session



Tarun 90%, Yamini 98%, Shraddha 93%, Priyanka 96%, Prerna 84%, Hitendra 99%, Akanksha 90%, Geetanjali 99%, Chetna 94%, Arpita 93%, Arpita 98%, Rakesh 97%, Sejal 88%, Shiva 97%






















Topper Students Last Session



Sushant 92%, Prince 97%, Kusum 98%, Abhishek 99%, Aayush 93%, Prachi 97%, Tulika 96%, Pari 96%, Aradhya 97%, Ananya 99%, Ashish 96%, Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931